दैनिक भास्कर 13/02/2024

पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में डॉ. धर्मवीर सैनी अव्वल रहे

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑडिटोरियम हॉल में पुरुष स्टाफ सदस्यों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता कराई गई। पुरुष वर्ग में प्रथम डॉ. धर्मवीर सैनी, द्वितीय डॉ. कुलदीप यादव और तृतीय स्थान पर डॉ. दीपक रहे। मौके पर डॉ. सुरजीत ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कार्यवाहक का कार्यभार संभाला। बीते कुछ वर्षों से डॉ. सुरजीत बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश भी उपस्थित रहे।